Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give Central University status to Ranchi University, Jharkhand.

श्री संजय सेठ (राँची): अध्यक्ष महोदय, मैं भगवान बिरसा मुंडा की भूमि झारखंड, रांची से आया हूं । आपने मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । महोदय, रांची में रांची विश्वविद्यालय 1960 से गठित है । 1960 से गठित यह विश्वविद्यालय जहां जनजातीय समाज के अधिकतर लोग हैं और वहां पर उस विश्वविद्यालय का उस हिसाब से फैलाव नहीं हुआ है, मेरा यह आग्रह है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी का उसको दर्जा दिया जाए । वर्ष 2018 में युवा महोत्सव बहुत बखूबी रांची विश्वविद्यालय ने निभाया । मेरा यह आग्रह है कि जल्द से जल्द वहां युगों की जो बहुत बड़ी डिमांड है, रांची विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संजय सेठ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।